सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 6:57
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.0
न्यूनतम 23.2

यदि किसी भूल के कारण कल का दिन दुःख में निकलता है, तो उसे याद करके आज का दिन व्यर्थ न करें।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-226 | मंगलवार 17 अगस्त, 2021 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-नवमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

उत्तर प्रदेश में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्राएं शुरू : लखनऊ



यात्रा कोई भी हो सावधानी आवश्यक है.....

# बिना नोटिस दिये सिंचाई विभाग का हल्ला बोल

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बु.)। मेरठ रोड स्थित एक रिसोर्ट्स से लेकर लगभग १ किमी. दूर तक सिंचाई विभाग की टीमों द्वारा फैक्ट्रियों की दीवार ध्वस्त करने की बड़ी कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही से फैक्ट्री मालिकों में जबरदस्त रोष व्याप्त है और उन्होंने इसकी शिकायत केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से भी की।

मिली जानकारी के अनुसार मेरठ रोड स्थित इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थित एक रिसोर्ट्स के पीछे से लगभग १ किलोमीटर के क्षेत्र में सिंचाई विभाग की तीन जिलों की टीम द्वारा अवैध निर्माण बताकर बड़ी कार्यवाही की गयी। ज्ञात रहे कि पिछले १० वर्षों से इण्डस्ट्रीयल एरिया के फैक्ट्री मालिकों को सिंचाई विभाग द्वारा राजवाहे की जमीन पर कब्जा करने की बात कहकर नोटिस दिया गया था। उक्त नोटिस के बाद पिछले ११ वर्षों से फैक्ट्री मालिकों पर फौजदारी के मुकदमें चल रहे हैं। फैक्ट्री मालिकों की मानें तो कई बार विभाग से बातचीत करके उन्हें कहा गया कि वे किसी भी तहसील के पटवारी को भेजकर उनकी जमीन की पैमाइश करायें और विभाग की जो भी जमीन बैनामे के अनुसार निकले, उसे वह अपने हिस्से में ले लें। मगर पिछले ११ वर्षों से स्वयं विभाग द्वारा उक्त मामले को लटकाया जा रहा है और एकाएक आज दो बुल्डोजर और लगभग ५० लोगों की विभागीय एवं पुलिस टीम लेकर इस तरह दीवार को ध्वस्त करने की कार्यवाही करना फैक्ट्री मालिकों का खुलेआम उत्पीड़न है। फैक्ट्री मालिकों का कहना है कि यदि विभाग को कोई कार्यवाही करनी थी तो उससे पूर्व या तो फैक्ट्री मालिकों से व्यवहारिक बातचीत की जाती या फिर कोई नोटिस दिया जाता, मगर इस तरह की कोई प्रक्रिया किसी भी विभाग द्वारा नहीं की गयी। एकाएक इस तरह की हल्ला बोल कार्यवाही से फैक्ट्री मालिकों में सरकार व प्रशासन के प्रति रोष दिखाई दिया। फैक्ट्री मालिकों ने इस बाबत राज्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री से फोन पर बात करने का प्रयास किया उसके बावजूद भी कोई स्थाई समाधान फैक्ट्री मालिकों का नहीं निकल पाया। फिलहाल फैक्ट्रियां असुरक्षित कर दी गयी हैं और पूरी रात गुजारकर स्वयं मालिक एवं स्टाफ फैक्ट्रियों पर ही बैठा हुआ है और सरकार व प्रशासन से सवाल कर रहा है कि कोई भी एक नोटिस विभाग उन्हें दिखा दे, जो विभाग ने फैक्ट्री मालिकों को हाल–फिलहाल ही नहीं पिछले साल या दो साल में भेजा हो। यदि फैक्ट्री मालिकों की बात झूठ निकले तो जो सजा चाहो, वह फैक्ट्री मालिकों को दी जाए। फैक्ट्री मालिक लगातार कोर्ट में भी अपनी तारीखों पर जाते रहे हैं, इस बात का सबूत स्वयं कोर्ट की तारीखें दे सकती हैं। हर बार फैक्ट्री मालिक कोर्ट में मौजूद रहते हैं और प्रशासन की ओर से कोई व्यक्ति कोर्ट में मौजूद नहीं होता। बस तारीख पर तारीख और तारीख पर तारीख मिलती जाती हैं। कुल मिलाकर आज हुई इतनी बड़ी कार्यवाही से उद्योगपतियों में सरकार के प्रति जबरदस्त रोष व्याप्त है, फिलहाल देर रात तक मालिकों को फैक्ट्री में ही पहरा देकर निगरानी करनी होगी।

## हजारों बार पैमाइश के लिए कह चुके फैक्ट्री मालिक

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बु.)। फैक्ट्री मालिकों का कहना है कि पिछले ११ वर्षों में वे एक बार नहीं, बल्कि हजारों बार स्वयं विभाग को कह चुके हैं कि यदि राजवाहे के ऊपर फैक्ट्री मालिकों द्वारा कोई कब्जा भी किया गया है तो वे राजवाहे की जगह की पैमाइश कर उन्हें समय देकर वहां से कब्जा हटवा सकते हैं, मगर स्वयं ही पिछले ११ वर्षों में विभाग ने लापरवाही की है और आज एकाएक कार्यवाही कर साबित कर दिया है कि वास्तव में प्रदेश में मुठमर्दी का शासन चल रहा है कि जब जो चाहे, व्यापारियों और उद्योगपतियों का उत्पीड़न कर ले चूंकि व्यापारी कमजोर होता है, इसलिए हर बार व्यापारी मजबूर होकर ऐसी सरकारों को समर्थन भी करता है और सजा भी भुगतता है। मगर आज की कार्यवाही से वे सबक लेंगे और आने वाले समय में खूब सोच समझकर किसको समर्थन करना है, इस पर निर्णय लेंगे।

**❑ मेरठ रोड स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया में बिना किसी पूर्व सूचना के बुल्डोजर से ध्वस्त किया फैक्ट्री मालिकों का अतिक्रमण, सरकार व प्रशासन के प्रति फैक्ट्री मालिकों में रोष**





# खुल गए कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल

## ❑ कोरोना गाइडलाइंस के पालन के बीच मिला प्रवेश

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त ( बु. )। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के विरुद्ध मुख्यमंत्री के मिशन मोड में उतरने का प्रदेश में बड़ा असर हुआ है। ऐसे हालातों के बीच ही प्रदेश में लगातार संक्रमण कम होने से लोगों को वक्त के साथ राहत दी। इस कड़ी में सोमवार से प्रदेश के तमाम सीबीएसई एवं माध्यमिक स्कूल खोले गए हैं। सोमवार को अभियान की इस कड़ी में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को कोविड प्रोटोकाल के साथ स्कूलों में प्रवेश दिया गया। हालांकि प्रदेश में लंबे समय से बंद रहे स्कूलों में पहले दिन उपस्थिति काफी कम रही, लेकिन करीब 7 माह के बाद स्कूल खुलने से घर से निकले तमाम बच्चे उत्साहित रहे।



प्रदेश के साथ मुजफ्फरनगर जनपद में सोमवार से कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं की स्कूल में पढ़ाई शुरू हो गई है। हालांकि शासन द्वारा जारी की गई अभी तक ऑनलाइन मोड में करीब 7 माह से पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राएं अब घरों से बाहर स्कूलों में पहुंचकर ऑफलाइन मोड़ में शिक्षा ग्रहण करेंगे। शासन स्तर पर जारी गाइडलाइंस के बीच हालांकि अभी कहीं एक शिफ्ट तो कहीं दो शिफ्टों में स्कूलों को खोला गया है। सोमवार को यूपी सरकार की पहल पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ सीबीएसई बोर्ड से जुड़े स्कूलों में बच्चों के शोर शराबे की गूंज दिखाई देने की उम्मीद बढ़ी है। शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों के बीच सोमवार को जनपद में माध्यमिक स्कूलों में जहां एक ओर उपस्थिति काफी कम रही वहीं सीबीएसई के तमाम अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में उपस्थिति अच्छी रही। इस बीच तमाम स्कूलों में सैनिटाइजर और थर्मल स्कैनिंग के

शेष : पृष्ठ ४ पर

# दुष्कर्म पीड़िता के अपहरण का विरोध करने पर युवक की गोली मारकर हत्या

कैराना, १६ अगस्त (बु.)। दुष्कर्म पीड़िता के अपहरण की कोशिश का विरोध करने पर हमलावरों ने गवाह की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव भूरा में सुबह करीब ६ बजे गांव निवासी एक युवती अपनी छोटी बहन के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही दो दबंग युवकों ने युवती का अपहरण कर लिया और युवती को पास में मौजूद खेत में ले जाने लगे। इसी दौरान युवती की छोटी बहन के द्वारा शोर मचाया तो पड़ोसी युवक अजय और युवती की मां दबंगों का विरोध करने के लिए जैसे ही मौके पर पहुंचे तो बदमाशों ने युवती को छोड़ दिया और अजय नाम के युवक को ईख के खेत के अंदर खींचकर गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए, वहीं युवक की हत्या से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव के सैकड़ों लोग मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर सीओ जितेंद्र कुमार और कोतवाली प्रभारी प्रेमवीर राणा पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके से अजय कुमार (२७ वर्ष) पुत्र सुरेंद्र गुर्जर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जाता है कि गांव भूरा में दो साल पहले एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में गांव के ही दो आरोपी जेल गए थे। अब दोनों आरोपी जमानत पर बाहर हैं। हत्यारोपियों के खिलाफ २ साल पहले युवती के द्वारा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें मृतक युवक अजय गवाह था। दुष्कर्म का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। ग्रामीणों का कहना हैं कि मृतक अजय के ऊपर गवाही देने के विरोध में पहले भी तीन–चार बार हमले हो चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक द्वारा शुरुआती जांच के अनुसार गांव के ही २ युवकों ने पूर्व के एक मुकदमें की तथाकथित पैरवी को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या किये जाने की जानकारी हुई है।



# अफगान संकट पर सुरक्षा परिषद की मीटिंग, भारत ने कहा-आतंकियों का ठिकाना न बने अफगानिस्तान

न्यूयॉर्क, 16 अगस्त ( नेट ) अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक हुई। मीटिंग में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया से अफगान लोगों की मदद करने को कहा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के लोग आत्मसम्मान से जीना जानते हैं। उन्होंने लंबे वक्त से जंग और उसके दुष्परिणाम देखे हैं। आज उन्हें समर्थन और मदद की जरूरत है। मीटिंग की अध्यक्षता भारत कर रहा है। भारत ने साफतौर पर आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस पर जोर दिया और साथ ही कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाए। मीटिंग में महासचिव गुटेरस ने कहा कि आने वाले कुछ दिन बहुत अहम होंगे। दुनिया भी हालात पर पैनी नजर रखे हुए हैं। हमें अफगानिस्तान के लोगों को अकेला नहीं छोड़ना है। कोई देश शरणार्थियों को वापस न भेजे। गुटेरेस ने तालिबान से भी एक अपील कर कहा कि मैं सभी पक्षों और खासकर तालिबान से अपील करना चाहूंगा कि वे लोगों की जान बचाएं और उनकी मानवीय जरूरतों को पूरा करें। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं, उन आम नागरिकों की हर कीमत पर रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों और सभी पक्षों की यह जिम्मेदारी है कि वे जीवन रक्षक चीजों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करें। मैं सभी देशों से यह अपील करता हूं कि वे रिफ्यूजियों को वापस न भेजें, बल्कि उन्हें स्वीकार करें। गुटेरेस ने कहा कि यह वक्त है कि जब दुनिया को एक मंच पर और एकजुट होने की जरूरत है। तालिबान को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों और कानूनों का सम्मान करना चाहिए। मैं महिलाओं और लड़कियों के बारे में मिल रही खबरों को लेकर सबसे ज्यादा फिक्रमंद हूं। आतंकवाद का जिक्र करते हुए गुटेरेस ने कहा कि दुनिया को यह तय करना होगा कि अफगानिस्तान फिर आतंकियों की महफूज पनाहगाह न बन पाए। इसके लिए हमें एकजुट होना पड़ेगा। वहां के लोगों को बुनियादी हक दिलाने होंगे। आपातकालीन बैठक के दौरान भारत के राजदूत टीएस त्रिमूर्ति ने कहा कि अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है। वहां पुरुष, महिलाएं और बच्चे डर के साए में जी रहे हैं। सभी अपने भविष्य को लेकर डरे हुए हैं और आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति हो और यह तय किया जाए कि आतंकवादी अफगानी जमीन का इस्तेमाल किसी देश को डराने या उस पर हमला करने के लिए न हो, तभी अफगानिस्तान के पड़ोसी देश खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

खुश खबरी! खुश खबरी! खुश खबरी!

**दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ**

अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में

**प्रत्येक बुधवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक**

*इन रोगों के लिए सुविधा उपलब्ध है:–*

| | |
|---|---|
| Headache | सिरदर्द, माइग्रेन |
| Head Trauma | सिर की चोट |
| Brain Tumour | दिमाग का कैंसर |
| Brain Stroke (Paralysis) | लकवा |
| Low Back Pain | कमर दर्द |
| Epilepsy | मिर्गी के दौरे |
| Memory Loss | याद्दाश्त की कमी |
| Dizziness | चक्कर आना |



डॉ0 विशाल जैन
MBBS, MS, MCh
HOD- Senior Consultant Neurosurgeon
Primus Hospital
Chanakyapuri New Delhi
Ex. Senior Consultant Neurosurgeon
VIMHANS, New Delhi
Mob. : 9717399987

हाथ-पैरों में नसों की समस्या एवं दिमाग व रीढ़ की हड्डी के समस्त रोगों के लिए सम्पर्क करें।

*अपॉन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें:–*
0131-2623656, 8010021072

बच्चों में मानसिक सामान्य विकास में कमी, सीखने की क्षमता
CEREBRAL PALSY, AUTISM, ADHD आदि समस्याओं का इलाज।

नोट:– सीनियर सिटीजन (65 वर्ष से अधिक), पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स हेतु परामर्श शुल्क पर 20% की छूट।*(पहचान पत्र आवश्यक)

पता:–

**बंसल नर्सिंग होम**
37/3, सिविल लाइन, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

## फांसी पर झूलता मिला घर से घूमने के लिये निकले युवक का शव

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त ( बु. )। एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी रुकनपुर निवासी 20 वर्षीय शेखर पुत्र रविवार दोपहर खाना खाने के बाद घर से घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान वह घर से परिजनों का दुपट्टा भी अपने साथ ले गया। इसके कुछ देर बाद युवक का शव पास ही स्थित गांव सलेमपुर के जंगल में आम के बाग में स्थित एक पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बुढ़ाना चौकी प्रभारी एसआई भूपेंद्र सिंह कर्दम ने बताया कि परिजनों ने फांसी का फंदा लगे हुए दुपट्टे की भी पहचान करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की, जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हालांकि इसके बाद परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इस सम्बंध में परिजन कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं।

## निजी नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त ( बु. )। निजी अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला जसवंतपुरी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में रविवार सुबह गांव मखियाली निवासी गर्भवती को उसके परिजनों द्वारा प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। दोपहर बाद नर्सिंग होम में महिला का प्रसव हुआ, जिसके तत्काल बाद प्रसूता के साथ ही उसके नवजात शिशु की भी हालत बिगड़ने लगी। यह देख नर्सिंग होम संचालक ने महिला के परिजनों को उन्हें अन्यत्र ले जाने के लिए कहा। आरोप है कि जैसे ही परिजन जच्चा-बच्चा को अन्यत्र ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाने लगे, दोनों की नर्सिंग होम में ही मौत हो गई। जच्चा-बच्चा की मौत से परिजनों ने नर्सिंग होम में हंगामा करते हुए डॉक्टर की लापरवाही से उनकी मौत होने का आरोप लगाया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मामले में बाद में दोनों पक्षों के बीच वार्ता में समझौता हो गया, जिस पर पीड़ित पक्ष बिना किसी कार्रवाई के दोनों के शव लेकर लौट गया। पुलिस ने मामले में किसी तरह की तहरीर मिलने से इंकार किया है।

## गैर समुदाय के युवक ने किया युवती का अपहरण

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त ( बु. )। शहर से सटे गांव नसीरपुर से तीन दिन पूर्व युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने दूसरे वर्ग के युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 20 साल की बेटी गत 13 अगस्त की शाम मार्केट गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। परिजनों ने युवती की तलाश की तो पता चला कि मौहल्ला सुभाषनगर निवासी शान मौहम्मद नामक दूसरे वर्ग का युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी।





# मेजर आशाराम त्यागी ट्रस्ट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। ७५वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर मेजर आशाराम त्यागी ट्रस्ट जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा अमर शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति आयोजित किया गया। त्यागी समाज के दर्शनलाल त्यागी, प्रेम प्रकाश त्यागी, बोबी त्यागी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया व कार्यक्रम में संजीव त्यागी, एडवोकेट राजकुमार त्यागी, एडवोकेट पंकज त्यागी, एडवोकेट हरेंद्र त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस सतीश त्यागी, पूर्व प्रमुख प्रमोद त्यागी केंदकी, सर्वेश त्यागी केंदकी, सोनू त्यागी भैसानी, निरंकार त्यागी, शिवकुमार त्यागी हाईडील, जोनी त्यागी रोहाना, प्रोफेसर वीके त्यागी, प्रमोद त्यागी, सुप्रीम अशोक त्यागी चरथावल, अविनाश त्यागी फलौदा, शिवम त्यागी एडवोकेट, मास्टर सरवन त्यागी, इंजीनियर राजू त्यागी, पंकज त्यागी मारकपुर व त्यागी समाज के काफी संख्या में गणमान्य लोग ध्वजारोहण में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित त्यागी बंधुओं का मुनीश कुमार त्यागी एडवोकेट, रवि त्यागी, पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर धर्मेंद्र त्यागी केंदकी व आदेश कुमार त्यागी कालंद ने मेजर आशा राम त्यागी ट्रस्ट जनपद मुजफ्फरनगर की तरफ से धन्यवाद किया गया।




# उन्नति ने शान से मनाया अमृत महोत्सव एवं १०० वृक्षों का किया रोपण

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। स्थानीय महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में लायंस क्लब उन्नति एवं राउंड टेबल के गणमान्य सदस्यों एवं शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा मुजफ्फरनगर बुलेटिन के वरिष्ठ सम्पादक अंकुर दुआ की मौजूदगी में १३० फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराया एवं एवं राष्ट्रगान के साथ सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ७५वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव के रूप में इस विशेष दिन को मनाया गया तथा राजकीय कॉलेज के मैदान में एक सौ वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर लॉयन अजय अग्रवाल डि. कैबिनेट सेक्रेटेरी, अध्यक्ष लॉयन अतुल ऐरन, सचिव लायन मनीष बंसल, लॉयन रीना अग्रवाल, जोन चेयरमैन लॉयन अमित गर्ग, लॉयन मुकुल गोयल, लॉयन निखिल मित्तल, लॉयन राकेश गर्ग, लॉयन हिमांशु गुप्ता, लॉयन अनिल कंसल, लॉयनऐड नीतू गोयल, लॉयन तनुजा ऐरन, लॉयन प्रतिभा बंसल, लॉयन डॉ. विवेक कुमार एवं मुजफ्फरनगर राउंड टेबल–३४६ से अंकुर गोयल, अनंत बंसल, शिवांग कुच्छल तथा प्रवीण कुमार (एडवोकट), डॉ. जीत तोमर समर्पित युवा समिति से अमित पटपटिया, हितेश, राखी ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।



# ''स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं वर्षगाँठ पर एसडी पब्लिक स्कूल में हुआ रंगारंग आयोजन''

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। १५ अगस्त २०२१ को भारतवासी अपना ७५वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़ी शान से मना रहे हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने सालों में भारत ने खुद को बदलते देखा है और खुद को बदला है। स्वतंत्रता दिवस का यह ७५वाँ पावन त्यौहार पूरे भारतवर्ष में हर्ष व उल्लास के साथ अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल भी इस अमृत महोत्सव का हिस्सा बना। इस अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि महेन्द्र प्रसाद सैक्रेटरी, एमडीए ने ध्वाजारोहण से किया। खेल अध्यापक आर.पी. सिंह द्वारा बुलवाए गए देशभक्ति के नारों से सभी ने पूरा विद्यालय प्रांगण गूँजा दिया। इस पावन पर्व पर ११वीं कक्षा के छात्रा योजित त्यागी, कक्षा ४ की छात्रा अयाना गिरधर व आन्या जैन ने ओजपूर्ण शब्दों में अपने विचार प्रस्तुत कर सबको देश की स्वतंत्रता की ७५वीं वर्षगाँठ की शुभकामनाएँ दीं। कक्षा यूकेजी के नन्हे छात्र प्रियांशु गुप्ता ने भारत के गौरवमयी इतिहास का वर्णन अपने कविता पाठ के द्वारा करके सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कक्षा तीन व चार की छात्राओं ने 'जागा हिंदुस्तान' गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर समाँ बाँध दिया। आजादी के जश्न के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इंचार्ज कुमुद गार्गी व शशिकांत शर्मा व उनके सह–अध्यापकों ने १८५७ से आरंभ हुई आजादी की क्रांति की याद दिलाई, जिसमें मंगल पांडे व उसके साथियों ने आजादी का बिगुल फूँका। रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान, बेगम हजरत महल की कुर्बानी के दृश्यों का जीवंत चित्रण किया गया। रौलट एक्ट के विरोध में होने वाला जलियांवाला बाग नरसंहार व लाला लाजपत राय का बलिदान, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरू जैसे देश भक्तों की आजादी के हवन में दी गई आहूति का कुशलतापूर्वक दर्शाया गया। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए नमक कानून के विरोध में गांधी जी के दांडी मार्च, सुभाष चन्द्र बोस की आजाद हिंद फौज का सजीव दर्शन कराया गया। इन दृश्यों को देखकर दर्शकों के अंदर एक नई चेतना का संचार हुआ। कक्षा पाँच की छात्रा अवनी कौशिक द्वारा गाये गीत– 'ऐ मेरे वतन के लोगों' ने देश के शहीदों की याद दिलाते हुए सबकी आँखें नम कर दी। कक्षा नवीं से कक्षा ग्याहरवीं तक के छात्र–छात्राओं ने 'आए भवानी' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके वातावरण को जोशमय बना दिया। आजादी के ७५ वर्षों में देश में कृषि, विज्ञान, शिक्षा, योग, औद्योगिकीकरण तथा अंतरिक्ष आदि के क्षेत्रों में जो उपलब्धियाँ प्राप्त की। उन्हें एक डॉक्यूमेंट्री के द्वारा ऑनलाइन दिखाया गया। उपलब्धियों की इस शृंखला में इसी वर्ष २०२१ में टोक्यो में हुए ओलंपिक खेलों में हमारे देश के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतकर विश्व में भारत का जो परचम लहराया, उसका ऑनलाइन प्रसारण कर खिलाड़ियों का अभिनन्दन किया गया। कक्षा पाँच से ग्यारह तक के छात्र–छात्राओं ने समूह गान प्रस्तुत किया। विद्यालय की ऑर्केस्ट्रा टीम के छात्र–छात्राओं ने उनका साथ देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। कक्षा दसवीं व ग्यारहवीं की छात्राओं ने मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र प्रसाद, सैक्रेटरी एमडीए ने छात्रों के इस सुंदर प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण समय है, जिसमें अध्यापक छात्रों के जीवन की आधारशिला तैयार करते हैं, ताकि ये भविष्य में आने वाले संघर्षों पर विजय प्राप्त कर सकें। स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं सालगिरह की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं वर्षगाँठ का मतलब है कि बीते वर्षों पर हम विचार करें, उनमें प्राप्त की गई उपलब्धियों, लिए गए संकल्पों को पूरा करने का प्रण लें। स्वतंत्र भारत के सपनों को साकार करने तथा भारत को विश्व में अग्रणीय बनाने के लिए प्रयासरत रहें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य शिवकुमार, विद्यालय की इंचार्ज कुमुद गार्गी, गीता मित्तल, एक्टिविटी इंचार्ज नूपुर गुप्ता, चारू वर्मा, रीतू सैनी, जसवीर कौर, वीना शर्मा, राखी शर्मा, श्वेता राणा तथा अनुपमा कर्णवाल का विशेष योगदान रहा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया ७५वाँ स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विशाल प्रांगण में भारत की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को नमन करते हुए पूर्ण उत्साह व गौरव के साथ आजादी का अमृत महोत्सव, ७५वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुपल सागर एवं प्रो. वाइस चेयरमैन रंजन मित्तल ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात देशभक्ति से ओत–प्रोत गीत प्रस्तुत कर स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए प्रातःकालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया। सभा में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसको 'एक समीक्षा, एक झाँकी' का नाम दिया गया। इसमें अट्ठारह सौ सत्तावन से पूर्व प्लासी युद्ध एवं बक्सर युद्ध से भारतीय इतिहास की शुरुआत करते हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया गया। संक्षिप्त में देश के प्रत्येक प्रधानमंत्री का कार्यकाल तथा उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया। विद्यालय की गीत मंडली ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव–विभोर कर दिया। विद्यालय की छात्राओं ने 'आरम्भ है प्रचंड' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया। प्रधानाचार्य अनुपल सागर ने सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी कोस्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने 'जननी जन्मभूमिश्चा स्वर्गादपि गरीयसी' सूक्ति को सार्थक करते हुए मातृभूमि का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमारा देश, हमारी मातृभूमि हमारी पहचान है। हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। प्रो वाइस चेयरमैन रंजन मित्तल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते स्वतंत्रता एवं स्वतंत्रता में अंतर बताते हुए हमारे अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन मिष्टान्न वितरण के साथ किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस व संक्रांति पर सौ गरीबों को बांटा राशन

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बु.)। समाजसेवी मनमोहन जैन द्वारा प्रत्येक माह की भांति इस माह भी संक्रांति के अवसर पर सौ गरीब लोगों को राशन वितरित किया गया। गरीबों को राशन वितरित करते हुए मनमोहन जैन ने कहा कि यूं तो प्रत्येक व्यक्ति अपने–अपने अनुसार सामाजिक व परोपकार के कार्य करता है, मगर गरीब लोगों के घर राशन पहुंचाकर आत्मा तृप्त होती दिखाई पड़ती है, क्योंकि उक्त राशन से कई परिवारों का पेट भरता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि राशन वितरण का कार्य किसी को नगद पैसा देने से इसलिए श्रेष्ठ है, क्योंकि कई बार व्यक्ति पैसे का दुरूपयोग कर लेता है, मगर खाद्य पदार्थ अथवा भोजन प्रत्येक व्यक्ति के पेट में जाता है। इस अवसर पर उनके साथ उनके परिवार के लोग मोनिका जैन, मौलिक जैन, जयंत जैन, आदेश जैन, कार्तिक जैन व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मैनेजर राम अवतार गौड भी मौजूद रहे।

# देशभक्ति से परिपूर्ण रहा द.एस.डी. पब्लिक में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। द.एस.डी. पब्लिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूर्ण हर्षोल्लास से किया गया। एक लम्बे अन्तराल के बाद बच्चों का विद्यालय आना व देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रमों को प्रस्तुत करना इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलमा माहना ने ध्वजारोहण से किया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान की ध्वनि से पूरा विद्यालय गूँज उठा। कक्षा ६ से ११ तक के बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति पूर्ण ग्रुप एवं एकल गीत, नृत्य एवं कविता देश के प्रति उनके मन में निहित जोश को साकार रूप से प्रस्तुत कर रही थी। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने उपस्थित सभी बच्चों व विद्यालय के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह दिन नए संकल्पों को लेने एवं स्वयं को नई उर्जा से पूर्ण करने का दिन है। एक लम्बे अन्तराल के पश्चात इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति देखकर मुझे अपार प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आज के कार्यक्रमों में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दिखाती है कि उन्हें अपने देश व विद्यालय के प्रति कितना लगाव है। द.एस.डी. पब्लिक विद्यालय हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहा है और आगे भी रहेगा। मुझे आशा है कि विद्यालय का प्रांगण अनुकूल परिस्थितियों के साथ बच्चों रूपी पुष्पों से इसी प्रकार महकता रहेगा। कार्यक्रम का समापन 'जय हिन्द, जय भारत' के नारों के उद्घोष के साथ हुआ।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎, (आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# डीएस पब्लिक में शान से लहराया तिरंगा




मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। आज डीएस पब्लिक स्कूल में ७५वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम –गीत, कविताएं, नृत्य आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या संतोष जैन एवं एडमिनिस्ट्रेटर गगन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। ध्वजारोहण समारोह में फूड एवं सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार एवं वरिष्ठ पत्रकार कमल मित्तल सहित वरिष्ठ नागरिक जय सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों लक्ष्य भार्गव, काव्या भार्गव, अर्जुन मलिक, देवांश एवं प्रशांत नगोरिया सहित कक्षा १० में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली विद्यालय की मेधावी छात्रा रवीना मित्तल को भी सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों हर्ष जैन, उर्वी, ईशू, आराध्य, गौरांशी, जिया, श्रेष्ठ, प्रियांशी आदि को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रधानाचार्या संतोष जैन ने सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि देश सेवा के लिए हमेशा तन –मन– धन से तैयार रहे।

## दी गुड़ खाण्डसारी एण्ड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन ने किया धवजारोहण

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। ७५वें स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव का कार्यक्रम दी गुड़ खाण्डसारी एण्ड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के कार्यालय प्रांगण में पूर्ण निष्ठा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करके एवं राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ किया गया। देश की आन–बान और शान पर मर–मिटकर देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले और देश की सीमाओं की रक्षा करते अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर–शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और देश की एकता एवं अखण्डता के लिय शपथ ली गयी। कार्यक्रम में कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। संजय मित्तल, अशोक कंसल, श्याम सिंह सैनी, हरिशंकर मूंधडा, संजय मिश्रा, राजेन्द्र सिंघल, सुनील तायल व महेश चौहान द्वारा ओजपूर्ण सम्बोधन किये गये। एसोसिऐशन के मंत्री श्याम सिंह सैनी द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में एसोसिएशन के व्यापारी सदस्यों, पदाधिकारियों ने अपना पूर्ण सहयोग देते हुए इस पर्व को हर्षोल्लास एवं निष्ठापूर्वक मनाया। इस समारोह में कृष्णचंद मूंधड़ा, सुरेन्द्र बंसल, सुरेश चंद, मनोज कुमार (रोटरी क्लब अध्यक्ष), नीरज बंसल (नगर महामंत्री), डॉ. पुनीत सिंघल (नगर अध्यक्ष युवा), राजीव अग्रवाल (रोटरी क्लब), आशुतोष गुप्ता (प्रभारी नई मण्डी व्यापार मंडल), सचिन अग्रवाल, पंकज जिंदल, अभिनन्दन जैन, राकेश सिंघल, आनंद शर्मा, अमरीश शर्मा, अतुल जैन, निरंजन कुमार आदि व्यापारियों ने भाग लिया।

**समस्त क्षेत्रवासियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**कार्यालय नगर पंचायत चरथावल (मुजफ्फरनगर)**

पत्रांक : मीमो/न.पं.च./2021–22 दिनांक : 13.08.2021

**राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में नगर पंचायत चरथावल, मुजफ्फरनगर सभी नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगरवासियों से अपील करती है कि :–**

01. नगर पंचायत नगर को स्वच्छ रखने में पूरी तरह प्रत्यनशील है। कृपया नगर को साफ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
02. खुले में शौच न करें। घर में शौचालय बनवायें।
03. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहने दें। टोंटियां खुली न रखें।
04. डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचाव हेतु छतों पर रखे बर्तनों एवं टायरों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें।
05. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
06. पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग पूर्ण प्रतिबंधित है, इनका प्रयोग कदापि न करें।
07. सार्वजनिक स्थलों, मार्गों, सम्पत्तियों पर अतिक्रमण न करें और न दूसरों को करने दें।
08. नगर पंचायत के सभी करों का भुगतान समय से करें।
09. पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग दें और अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाऐं।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अपने नगर को अधिक अंक दिलाने में नगर पंचायत चरथावल का सहयोग करें।
11. अपने घर का कूड़ा कूड़ेदान में इकट्ठा करें, नगर पंचायत कर्मियों के आने पर उसे कूड़े की गाड़ी में डालें।

**निवेदक : नगर पंचायत चरथावल, जनपद–मुजफ्फरनगर**

(मनोज कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चरथावल
(मुजफ्फरनगर)

15 AUGUST INDEPENDENCE DAY

समस्त सदस्यगण
नगर पंचायत चरथावल
(मुजफ्फरनगर)

15 AUGUST INDEPENDENCE DAY

(सतेन्द्र कुमार त्यागी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चरथावल
(मुजफ्फरनगर)



# एसडी ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। एस.डी. ग्लोबल स्कूल जानसठ रोड निकट निराना, मुजफ्फरनगर में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने विद्यालय के प्रांगण में तिरंगा झण्डा फहराकर बच्चों को ७५वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यालय में बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट निकाला गया। विद्यालय की कॉर्डिनेटर साक्षी चौधरी ने इस अवसर पर बच्चों को आजादी का महत्व बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। विद्यालय में बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट निकाला गया। इसके बाद विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर गायन किया। सिमरन व अलीना ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने विचार बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजन में प्रीति गोयल, साक्षी धीमान, अर्शी, अन्नू मलिक, अरूणा, अनुष्का शर्मा, शिल्पी गुप्ता, शुभम तायल व शिवम शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शारदेन स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। शारदेन स्कूल के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एडीएम फाइनेंस आलोक कुमार एवं विशिष्ठ अतिथि प्रशासनिक अधिकारी राघवेंद्र सिंह रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत बैज पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आलोक कुमार के द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक विश्व रतन, प्रधानाचार्य धारा रतन एवं शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। तत्पश्चात कक्षा १० छात्र–छात्राओं ओजल सिंगल, अनुष्का, नक्षत्र, वरदान, कृष्णा, जय, आयुष, अक्षत तथा वैभव द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक 'चाहत सपनों के भारत की' प्रस्तुत किया गया। कक्षा नाइंथ के विलक्षण इशिता पाखी, नव्या, लक्षय, कोणार्क आदि विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा सामूहिक गीत प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये गए। नवीं एवं दसवीं की छात्राएँ महक, स्नेहा, जिनीषा, चेतना, जिया, हिमानी, सुहानी, श्रद्धा, सांची द्वारा देशभक्ति गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा १० की आसवी अग्रवाल ने हिंदी में अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए तथा और श्रेया शर्मा (१२जी) ने इंग्लिश में अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्र–छात्रों ने विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट बनाकर, तिरंगे के रूप में पतंगे सजाकर, माता–पिता के साथ राष्ट्रगान गाते हुए अपनी वीडियोस स्कूल के साथ शेयर की। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में घर पर रहकर भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छोटी कक्षाओं का कार्यक्रम ऑनलाइन एप के माध्यम से हुआ। प्रबंधक विश्वरत्न एवं मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। प्रबंधक विश्वरत्न ने मुख्य अतिथि एडीएम (फाइनेंस ) आलोक कुमार एवं विशिष्ठ अतिथि प्रशासनिक अधिकारी राघवेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्या धारा रतन ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और स्वच्छ भारत के लिए अपने आसपास स्वच्छता रखने पर जोर दिया। अंत में धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

**श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलिज खतौली (मुजफ्फरनगर)**

श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलिज, खतौली (मुजफ्फरनगर) की साधारण सभा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आपकी उक्त संस्था की प्रबन्ध समिति का चुनाव विभाग द्वारा अनुमोदित प्रशासन योजना की प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 29.08.2021 को विद्यालय परिसर में चुनाव अधिकारी द्वारा निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा श्री विशाल दीक्षित, एडवोकेट, 317, गऊशाला नदी रोड, मुजफ्फरनगर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**चुनाव कार्यक्रम**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | साधारण सभा के सदस्यों की सूची का प्रकाशन। | 28.08.2021 | प्रातः 11 बजे |
| 02 | साधारण सभा के सदस्यों की सूची पर आपत्ति। | 28.08.2021 | प्रातः 11 बजे से 11:15 बजे तक |
| 03 | आपत्ति पर सुनवाई एवं निर्णय। | 28.08.2021 | प्रातः 11:30 बजे से 12 बजे तक |
| 04 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन। | 28.08.2021 | दोपहर 12:30 बजे तक |
| 05 | नामांकन पत्र प्रस्तुत करना। | 29.08.2021 | दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक |
| 06 | नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं निर्णय। | 29.08.2021 | दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे तक |
| 07 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन। | 29.08.2021 | दोपहर 1:30 बजे से 2 बजे तक |
| 08 | नामांकन पत्रों की वापसी। | 29.08.2021 | दोपहर 2 बजे से 2:15 बजे तक |
| 09 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन। | 29.08.2021 | दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक |
| 10 | चुनाव चिह्न आवंटन (यदि आवश्यक हो)। | 29.08.2021 | दोपहर 2:30 बजे से 2:45 बजे तक |
| 11 | मतदान (यदि आवश्यक नहीं, तो चुनाव परिणाम घोषित) | 29.08.2021 | दोपहर 2:45 बजे से 3:30 बजे तक |
| 12 | मतगणना। | 29.08.2021 | दोपहर 3:30 बजे से 3:45 बजे तक |
| 13 | सदस्य चुनाव परिणाम | 29.08.2021 | दोपहर 3:45 बजे से 4 बजे तक |
| 14 | चुने हुए सदस्यों द्वारा प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्ति का चुनाव। | 29.08.2021 | 4 बजे से 4:30 बजे तक |
| 15 | उपरोक्त चुने सदस्यों द्वारा अपने में से निम्न पदाधिकारियों का चुनाव :– 1. अध्यक्ष 2. उपाध्यक्ष 3. प्रबंधक 4. उपप्रबंधक 5. कोषाध्यक्ष | 29.08.2021 | 4:30 बजे से 5:30 बजे तक |
| 16. | पदाधिकारियों का चुनाव परिणाम | 29.08.2021 | सायं 5:30 बजे से 6 बजे तक |

**(हरशरण गुप्ता)**
प्रबंधक
श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलिज,
खतौली (मुजफ्फरनगर)

**(विशाल दीक्षित) एडवोकेट**
चुनाव अधिकारी
श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलिज,
प्रबंधकारिणी समिति, खतौली

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# अफगानिस्तान में तालिबान

अफगानिस्तान में तालिबान ने जिस रफ्तार से लगभग पूरे मुल्क को अपने कब्जे में लिया है, उससे दुनिया भर में लोग हैरान हैं। वहां के सूबों की राजधानियां तालिबानी लड़ाकों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखरती जा रही हैं। खून खराबा न हो, इसलिए कई सूबों के गवर्नरों ने खुद तालिबान के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। काबुल पर भी तालिबान ने बिना संघर्ष के कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान के काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आ रही तस्वीरों और वीडियो से वहाँ की अव्यवस्था और लोगों में अफरा–तफरी का अंदाजा हो रहा है। राष्ट्रपति अशरफ गनी के देश छोड़ने और तालिबान के काबुल में घुसने के बाद अफगानिस्तान से जाने वालों की लाइन लग गई है। काबुल एयरपोर्ट से सभी व्यावसायिक उड़ानों को रोक दिया गया है। इसलिए देश छोड़कर जाने वाले लोग एयरपोर्ट पर फँसे हुए हैं। काबुल के हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी सेना का नियंत्रण है और स्थिति को काबू करने के लिए अमेरिकी सैनिकों ने हवा में गोलियाँ भी चलाई हैं। कुछ लोगों के मारे जाने की खबरें भी है। वीडियो में लाशें भी दिखाई पड़ रही हैं। अमेरिका और अन्य देश अपने–अपने दूतावास के कर्मचारियों को वहाँ से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका ने इसके लिए सैनिक हेलिकॉप्टर्स भी भेजे हैं। काबुल एयरपोर्ट के लाउंज में अफरातफरी का आलम है, क्योंकि लोगों का कहना है कि अधिकारियों और हाई प्रोफाइल लोगों के लिए गुप्त रूप से बोर्डिंग पास छापे जा रहे हैं। जैसे ही तालिबान लड़ाकों ने काबुल में घुसना शुरू किया, सैकड़ों लोग अपना सामान लेकर शहर छोड़ने की कोशिश करने लगे। कई लोग काबुल इसलिए छोड़ना चाह रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि तालिबान बदले की कार्रवाई करेंगे और शहर में हिंसा का दौर शुरू हो सकता है। तालिबान ने काबुल, कंधार और मजार–ए–शरीफ जैसे बड़े शहरों में हर चौराहे पर चेकपोस्ट बना दी है। इन पर तालिबानी लड़ाके तैनात हैं, जो यहां से गुजरने वाले हर शख्स की तलाशी लेने के बाद ही उसे आगे जाने दे रहे हैं। सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां, कार और बस की तरह हर कहीं चलती नजर आ रही हैं। तालिबान के लड़ाके खुली जीप में सड़कों पर जीत का जश्न मना रहे हैं। इन सब के बीच अफगानिस्तान के आम लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर जाएं तो कहां जाएं। काबुल में कई जगह गोलीबारी और लूटपाट की खबरें भी हैं। सरकारी एजेंसियों के दफ्तरों में लूटपाट हुई है। तालिबान का कहना है कि हमारे नाम पर अराजक तत्वों ने लूटपाट की है। संवेदनशील दस्तावेज जला दिए गए हैं। लूटमार करने वाले लोगों पर तालिबानी लड़ाकों ने गोलियां भी चलाई हैं। पाकिस्तान के चमन शहर से अफगानिस्तान के कंधार शहर की बॉर्डर लगती है। यहां हजारों अफगानिस्तानी इकट्ठा हो गए हैं। वे पाकिस्तान में घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें पाकिस्तान की पुलिस रोक रही है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद देश में भगदड़ मच गई है। लोगों को समझ आ गया है कि अब उन्हें तालिबान से बचाने वाला कोई नहीं है। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने जनता के नाम चिट्ठी लिखी है, उसमें लिखा, तालिबान ने लोगों का दिल नहीं जीता है। इतिहास में कभी सिर्फ ताकत के दम पर किसी को नहीं स्वीकारा गया है, न कभी स्वीकारा जाएगा। कई लोग सहमे हुए हैं और तालिबानी भरोसे के लायक नहीं हैं। यह जरूरी है कि वे देश की अवाम, अलग–अलग महकमों, बहनों और औरतों को यकीन दिलाएं कि उनका दिल जीतेंगे। इस चिट्ठी में राष्ट्रपति की मजबूरी झलकती है। तालिबान नेताओं ने रविवार रात राष्ट्रपति भवन में बैठकर चैनलों को इंटरव्यू दिया। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति गनी ५० लाख डॉलर कैश ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ये पैसा राष्ट्रपति महल के हेलीपैड पर ही रह गया। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, देर रात काबुल में कुछ धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं। तालिबान नेता मुल्ला बरादर का बयान सामने आया है। उसने कहा, सभी लोगों के जान–माल की रक्षा की जाएगी। अगले कुछ दिनों में सब नियंत्रित कर लिया जाएगा। हमने सोचा नहीं था कि इतनी आसान और इतनी जल्दी जीत मिलेगी। अगले कुछ दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी। तालिबान ने मुल्ला शीरीन को काबुल का गवर्नर बनाया है। वो तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के करीबी थे और उनके सुरक्षा गार्ड भी रह चुके हैं। वो कंधार के हैं और पुराने तालिबानी हैं। सोवियत संघ के खिलाफ भी लड़ चुके हैं। तालिबान की लड़ाका यूनिटों के सबसे प्रमुख लोगों में से हैं। मुल्ला शीरीन को युद्ध विशेषज्ञ माना जाता है। मौजूदा तालिबान के सबसे प्रमुख लोगों में हैं। इस बीच चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनियांग ने कहा है कि चीन अफगानिस्तान के लोगों का अपने भाग्य और भविष्य का फैसला करने के अधिकार का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि चीन अफगानिस्तान के साथ दोस्ताना सहयोग विकसित करना चाहता है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनियांग ने जानकारी दी कि अफगानिस्तान में चीन का दूतावास सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने ये भी जानकारी दी कि वहाँ रह रहे ज्यादातर चीनी नागरिकों को पहले ही व्यवस्था करके चीन वापस बुला लिया है, जबकि कुछ चीनी नागरिकों ने वहाँ रहना उचित समझा। चीन के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अफगानिस्तान में मौजूद चीन के नागरिक सुरक्षित हैं। इधर भारत के विदेश विशेषज्ञ मान रहे हैं कि भारत के सामने सबसे प्राथमिक चुनौती अफगानिस्तान में अपने नागरिकों और राहतकर्मियों की हिफाजत करना है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि तालिबान के वर्चस्व के बाद लश्कर और जैश को खुला खेत मिल जाएगा। वे भारतीय हितों को निशाना बनाना शुरू कर देंगे, ताकि बाकी भारतीय वहां से हट जाएं। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई की भूमिका वहां बढ़ जाएगी। इस सबको देखते हुए भारत को सतर्क रहना होगा। वहां से काफी भारतीय नागरिकों को देश वापस लाया जा चुका है।

## चार तीर

–सुनील 'उत्सव'

'अम्न' 'दहशत' 'हैरानी' 'ख़ौफ़'

अम्न के दुश्मन दुनिया भर में दहशत को फैलाते हैं,
कहीं–कहीं पर खून ख़राबा होता पाया है हमने।
हमको भी हैरानी है और दुनिया भी हैरान हुई,
शैतानों में,शैतानों के ख़ौफ़ को देखा है हमने।



# जी.डी. गोयनका में राष्ट्रीय पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। जी डी गोयनका विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्यगण व प्रधानाचार्या मीनू अरोड़ा विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा छात्रों ने देशभक्ति के गीत गाकर सभी का मनमोह लिया। छात्रों ने नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही साथ अंग्रेजी विभागाध्यक्ष क्रिस्टोफर जोसेफ ने १५ अगस्त का महत्व बताते हुए, स्वतंत्रता संग्राम पर अपने विचारों को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। १५ अगस्त १६४७ एक ऐसी तिथि है, जिसे हमारे इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा गया है। एक ऐसा दिन जब भारत आजाद हुआ, अंग्रेज भारत छोड़ने पर मजबूर हो गये थे। हमें दो सौ साल कि गुलामी से आजादी मिली थी, तो जश्न भी उतना ही बड़ा होना था और शायद यही वजह है कि आज भी हम इसे उतने ही धूमधाम से मनाते हैं। कई वर्षों के विद्रोहों के बाद ही हमने स्वतंत्रता प्राप्त की और १४ व १५ अगस्त १६४७ की मध्यरात्रि को भारत एक स्वतंत्र देश बन गया। दिल्ली के लाल किले में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार भारत के झंडे को फहराया था। उन्होंने मध्यरात्रि के स्ट्रोक पर "ट्रास्ट विस्ट डेस्टिनी" भाषण दिया। पूरे राष्ट्र ने उन्हें अत्यंत खुशी और संतुष्टि के साथ सुना, तब से हरवर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री पुरानी दिल्ली में लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और जनता को संबोधित करते हैं। इसके साथ ही तिरंगे को २१ तोपों की सलामी भी दी जाती है।

# एमजी पब्लिक स्कूल में मना ७५वां स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में आजादी की ७५वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल ने ध्वजारोहण किया। छात्र–छत्राओं ने स्वतंत्रता आंदोलन पर अपने विचार व्यक्त किये, तो शिक्षिकाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर आजादी के महत्व को बताया। एमजी पब्लिक स्कूल में ७५वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सवेरे एमजी चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल एवं एमजी पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों का विद्यालय परिसर में पधारने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्वागत किया। चेयरमैन सतीश गोयल ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ। शिक्षिकाओं ने सारे जहां से अच्छा एवं विजयी विश्व तिरंगा आदि देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। स्कूल के कक्षा–११ कामर्स की छात्रा शगुन गर्ग, कक्षा १२ साइंस की छात्रा वंशिका वत्स और कक्षा–१२ कामर्स के छात्र नचिकेता ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण और कविता प्रस्तुत करते हुए क्रांतिकारियों के देश की आजादी को लेकर दिये गये बलिदान को याद दिलाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमजी चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल ने कहा कि पूर्व में देश के महापुरुषों और क्रांतिकरियों के लिए सत्ता के लालच में गलत इतिहास लिखा गया। इन इतिहासकारों ने अकबर को महान बताया और महाराणा प्रताप के बलिदान को भुलाया। उन्होंने कहा कि आजादी के इस जश्न में एक दुख विभाजन का भी रहता है। भारत माता को दो टुकड़ों में सत्ता के लिए बांटा गया। जो हमारे भाई थे, देशहित में साथ खड़े थे, इस विभाजन से वह हमारे दुश्मन हो गये। उन्होंने कहा कि आज हमें इस गौरवशाली दिन को धूमधाम से मनाने के साथ ही यह संकल्प भी लेना होगा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों का मुखर विरोध करते हुए अपना नागरिक कर्तव्य भी पूर्ण करेंगे। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज ७५वें स्वतंत्रता दिवस का यही संदेश है कि हमें सबसे पहले देश की विचारधारा को लेकर काम करना है। हम ७५ साल से यह दिन मना रहे हैं, लेकिन इस वर्ष यह दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किये गये आजादी का अमृत महोत्व कार्यक्रम के कारण खास हो गया है। आज भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। इस अमृत महोत्सव का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन और इसके लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के जीवन को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें स्वाधीनता आंदोलन के सेनानियों के जीवन से अमृत रूपी आदर्श अपनाकर देश के विकास में भागीदार बनना चाहिए। देश को मजबूत बनाने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ ही सबका प्रयास के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी योगदान दें। उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को विस्तार से सभी के सामने रखते हुए कहा कि यह वैश्विक शांति और विकास का महोत्सव है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र के सामाजिक और शैक्षिक विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, जिसके क्रम आज उनकी जिम्मेदारी है कि भारत के गौरवमयी इतिहास और संस्कृति से युवाओं को जोड़ें। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वर्चुअल प्रोग्राम के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी अपने घरों से इस कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एमजी चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, एमजी पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के वाइस चेयरमैन पुरुषोत्तम सिंघल, रोहित सिंघल, कार्तिक सिंघल व एडीजीसी विक्रांत राठी एडवोकेट सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।





सिद्धबली पेपर मिल में ध्वजारोहण करते उद्यमी फूलचन्द कंसल व नवीन कंसल।

# श्री सिद्धबली पेपर मिल में संपन्न हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त ( बु. )। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर रविवार को भोपा रोड स्थित श्री सिद्धबली पेपर मिल पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पेपर मिल परिसर में उद्यमी फूलचन्द कंसल व नवीन कंसल ने संयुक्त रूप से मिल में ध्वजारोहण किया। श्री सिद्धबली पेपर मिल में आयोजित कार्यक्रम में देश के ज्ञात–अज्ञात शहीदों की कुर्बानी को याद किए जाने के साथ देश व समाजहित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के साथ ही उनके आदर्शों को अपनाने के साथ सपनों के भारत निर्माण में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान फैक्ट्री कर्मचारियों को मिल प्रबंधन की ओर से मिठाई वितरण भी किया गया। पेपर मिल परिसर में संपन्न ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सतवीर सिंह के अलावा फैक्ट्री अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## शोक समाचार



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी **श्री अजय कुमार गुप्ता जी** का आकस्मिक निधन **दिनांक : 7 अगस्त 2021, दिन शनिवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

इनकी **रस्म तेरहवी दिनांक : 17 अगस्त 2021, दिन मंगलवार** को होनी निश्चित हुई है।

–: शोक कार्यक्रम :–

ब्रह्मभोज .................... अपराह्न 12 बजे
पुष्पांजलि/रस्म तेरहवीं .............. दोपहर 3 बजे

स्थान : आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

–शोकाकुल परिवार–

स्वपनिल गुप्ता (पुत्र), अनिल गुप्ता (भाई)
निलाभ गुप्ता (भतीजा)
एवं समस्त गुप्ता परिवार

–प्रतिष्ठान–

● वानिकी हर्ब्स ● स्वरूप इंटीरियर एण्ड बिल्डर्स
कम्बल वाला बाग, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
फोन : 8433033770, 7895400929

## शोक संदेश



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी **श्रीमती सरला मित्तल** (धर्मपत्नी श्री जनेश्वर दास मित्तल) का **स्वर्गवास दिनांक : 7 अगस्त 2021, दिन शनिवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु **रस्म तेरहवी** का आयोजन **दिनांक : 18 अगस्त 2021, दिन बुधवार** को निम्न कार्यक्रमानुसार होगा।

कार्यक्रम : बुधवार 18 अगस्त 2021

हवन .................... प्रात: 9 बजे
ब्रह्मभोज ......................... दोपहर 12 बजे
रस्म तेरहवीं ...................... अपराह्न 3 बजे

स्थान : आशीर्वाद पैलेस, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

–शोकाकुल परिवार–

जनेश्वर दास मित्तल (पति)
आलोक–निभा मित्तल, आदर्श–निलिमा मित्तल (पुत्र–पुत्रवधु)
छवि–विनय गर्ग (पुत्री–दामाद), अक्षित (पौत्र)
अनुष्का, अदिति, अन्वेषा (पौत्री), चार्वी–अथर्व (नाती–नातिन)
एवं समस्त मित्तल परिवार

–प्रतिष्ठान–

मैसर्स श्री वृंदा स्टील्स, मुजफ्फरनगर

नोट : कृपया पगड़ी साथ लाने का कष्ट ना करें।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आचार्यकुल ने किया प्रकाशोत्सव

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। गत दिवस स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर स्थानीय रानी झांसी पार्क में प्रमुख गांधी विचारक होतीलाल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आचार्यकुल के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने दीपक मोमबत्ती जलाकर, अनार–फुलझड़ी–चकरी आदि चलाकर शहीदों की स्मृति में प्रकाश उत्सव मनाया तथा स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को पुष्पांजलि दी और राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. बृजपाल सिंह, किरन गुप्ता, शशि गोयल, पुष्पांजलि, स. बलजीत सिंह, राखी गोयल, सुरेन्द्र पाल सिंह, बृजेश एड., आचार्य सीताराम, सृष्टि चौधरी, संजय ठाकुर, सीमा ठाकुर, गीता ठाकुर, महबूब आलम एड., ज्ञानी गुरूवचन, शहर काजी तनवीर आलम, अरूणा शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में ७५वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या सोनिका आर्य एवं मुख्य अतिथि डॉ. कीर्तिवर्द्धन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। सभी छात्रों ने देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुछ नन्हें–मुन्ने बच्चों ने सरदार भगत सिंह, पंडित जवाहर लाल नेहरू के रूप में भाषण प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी बीच मुख्य अतिथि द्वारा कक्षा–१० के मेधावी छात्र–छात्राओं वंश गोयल, हिमांशी एवं अनुष्का को पुरस्कृत किया गया व साथ ही विद्यालय में आयोजित ऑनलाइन स्पेल बी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि डॉ. कीर्तिवर्द्धन ने छात्रों को अपने अधिकारों के साथ–साथ नैतिक मूल्यों एवं कर्तव्यों का पालन करने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना के कारण पिछले एक वर्ष में जो कुछ छूट गया है, उससे सीखते हुए हमें लक्ष्य की ओर आगे बढना है। तत्पश्चात विद्यालय निदेशक सुघोष आर्य ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए बच्चों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया। साथ ही प्रधानाचार्या सोनिका आर्य द्वारा अतिथि, अभिभावकरण एवं सभी छात्र–छात्राओं का सादर धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।



# व्यापारी सुरक्षा फोरम ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम के साथ भारत माता चौक प्रेमपुरी पर मनाया गया। मुख्य अतिथि रेवती नंदन सिंघल उपस्थित रहे, ध्वजारोहण व्यापारी नेता सुशील कुमार (सिल्लो) द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और डांस किये गये, जिसमें सारा वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। सभी उपस्थित महानुभवों ने देशभक्ति से सम्बोधित विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विश्वदीप गोयल, महामंत्री राजकुमार रहेजा, मनोज गुप्ता, हर्षित गर्ग, मुकेश गोयल, आदित्य जैन, दीपक शर्मा, डॉ. नितिन जैन, हर्ष अरोरा, कपिल सिंधी, नितिन गुप्ता, राजीव गर्ग, अखिल सिंघल, ललित बंसल, अरूण, संजय मित्तल, अमित गोयल, आशुतोष अरोरा, सनमति जैन, शिवकुमार त्यागी, सचिन सिंघल, अनुराग जैन, सागर अरोरा, नितिन कुच्छल, विजय पंवार, प्रियांशु गोयल, अरूण रस्तौगी, राजीव जैन आदि उपस्थित रहे।



# चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। रविवार को चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ७५वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमर पांचाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान, झंडा गान व देश के शहीदों के सम्मान में देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए। इसके उपरांत मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमर पांचाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज का दिन प्रतीक है बलिदान का, बलिदानियों के सम्मान का, हमारे पूर्वजों की आन का आजादी का यह खास दिन भारत के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है और यह आजादी हमें की स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी के बाद मिली है। अतः आज हमें उन्हें याद करते हुए यह प्रण लेना चाहिए कि हम देश के प्रति अपने कर्तव्यों को हमेशा याद रखेंगे और उनका पालन करेंगे और उनका अनुपालन करेगें। बच्चों ने राष्ट्रीय गान, पोस्टर। व निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया व मनमोहक कृतियां प्रस्तुति दी। अंत में अमरपांचाल जी ने सभी को ७५वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी व मिष्ठान वितरित किया।









## दुकान बिकाऊ है

एक दुकान घेर कालेराय (निकट शहर घास मण्डी) में ग्राउण्ड फ्लोर पर जिसका एरिया (8'X14') गहराई के लगभग है (दुकान त्रिलोकी पकौड़े वालों के सामने)।

इच्छुक व्यक्ति निम्न नम्बर पर सम्पर्क करे या स्वयं मिले :–

M. 9410064040
M. 9997931317

## आवश्यकता है



मेडिकल स्टोर हेतु अनुभवी मेल प्रत्याशी की।

वशिष्ठ हॉस्पिटल
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M. 9412110567

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम **आद्या (AADYA)** से बदलकर **आद्या शर्मा (AADYA SHARMA)** रख लिया है। अब भविष्य में मेरी बेटी को **आद्या शर्मा (AADYA SHARMA)** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

आशुतोष वत्स
पुत्र श्री प्रवीण कुमार
नेहा शर्मा पत्नी श्री आशुतोष वत्स
निवासी–जी–10, आशियाना ले रेजीडेंसी, एनएच–24, कवि नगर, गाजियाबाद–201002 (उत्तर प्रदेश)

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे का नाम **सक्षम** से बदलकर **शुभ गोयल (SHUBH GOEL)** व बेटी का नाम **अविशि** से बदलकर **अवि गोयल (AVI GOEL)** रख लिया है। अब भविष्य में मेरे बेटे को **शुभ गोयल (SHUBH GOEL)** व बेटी को **अवि गोयल (AVI GOEL)** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

अजय कुमार गोयल
पुत्र श्रीनिवास गोयल
श्रीमती अंजली गोयल
पत्नी श्री अजय कुमार गोयल
निवासी–176–प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर

